शोभायात्रा के बाद सक्रिय हुआ निगम

100 से अधिक सफाई कार्मिक लगाए, दो घंटे में कचरा साफ

जयपुर। श्री कृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा के तुरंत बाद हैरिटेज नगर निगम सक्रिय हुआ। सफाई कर्मियों ने शोभायात्रा मार्ग पर झाड़ू लगाई।

उपायुक्त, स्वास्थ्य देवानंद शर्मा और किशनपोल जोन उपायुक्त दिलीप भंभानी ने टीम के साथ निरीक्षण किया और सफाई करवाई। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा मार्ग की सफाई व्यवस्था के लिए करीब 100 सफाई कर्मचारी और 20 हूपर लगाए गए थे। 2 घंटे की मशक्कत के बाद शोभायात्रा मार्ग बिल्कुल साफ कर दिया गया।

निगम आयुक्त निधि पटेल ने भी सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

स्पेशल पावभाजी
आलू टिकिया छोले